ARMY PUBLIC SCHOOL SHILLONG
ANNUAL EXAMINATION: 2022-23
SUBJECT: HINDI
CLASS: IV

Time: 2 Hours 30 Minutes **Maximum Marks: 80**

सामान्य निर्देश :

1. प्रश्नपत्र को ध्यान से पढ़े ।

2. प्रश्नपत्र चार खंडों में विभाजित है - क , ख , ग और घ ।

3. सभी खंडों को अलग - अलग लिखना अनिवार्य है ।

4. केवल उत्तर लिख सकते हैं । उत्तर की क्रम संख्या सही लिखें ।

खंड क - अपठित गद्यांश

1. **दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **1x3=3**

एक चिड़िया थी । उसने एक पोटली बना ली थी।अच्छा या बुरा जो भी उसके साथ होता था वह एक छोटा सा पत्थर उस पोटली में डाल देती थी । कुछ ही दिनों में उसकी पोटली बहुत भारी हो गई जिस कारण वह चिड़िया उड़ नहीं पा रही थी । कुछ और दिन बीतने पर उसका चलना फिरना भी मुश्किल हो गया ।

क) चिड़िया ने क्या बना लिया था ?

ख) चिड़िया पोटली में क्या डाल देती थी ?

ग) चिड़िया उड़ क्यों नहीं पा रही थी ?

2. **कविता की पंक्तियाँ पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (पठित गद्यांश)** **1x3=3**

सजे सजाए बौने आकर

बालक को है राह दिखाते,

पर्वत से घाटी में होकर

परी लोक हमको पहुँचाते।

क) बालक को राह दिखाने कौन आता है ?

ख) बच्चा कहाँ पहुँच जाता है ?

ग) यह पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई है ?

खंड ख - व्याकरण

3. विशेषण और विशेष्य का मिलान कीजिए : **1x4=4**

चालाक	आसमान
नीला	तितली
रंग - बिरंगी	आदमी
बूढा	लोमड़ी

4. वाक्यों में काल को पहचानकर काल का भेद लिखिए : **1x3=3**

क) मैंने खाना खाया ।

ख) मैं कल बाज़ार जाऊँगा ।

ग) हमारी परीक्षा हो रही है ।

5. कोष्ठक में दिए गए सही निर्देश के अनुसार वाक्य पूरा कीजिए : **1x2=2**

क) बच्चा ________________________ ।   (सोना - भूतकाल)

ख) तितलियाँ _____________________________ ।   (उड़ना - वर्तमानकाल)

6. सही विलोम शब्द लिखिए : **1x5=5**

क) प्रशंसा -   ख) सत्य -   ग) सरल -

घ) आशा -   ड) चतुर -

7. दिए गए शब्दों के दो अलग - अलग अर्थ लिखिए : **1x3=3**

क) फल -   ख) मगर -   ग) जग -

8. **समूहवाची शब्दों से वाक्य पूरे कीजिए :** **1x3=3**

क) मैंने रास्ते में कूड़े का ____________ देखा ।

ख) फलवाले के पास ताज़े अंगूरों का _____________ है ।

ग) हमारे शहर में भारतीय खिलाडियों की ____________ आ रही है ।

9. **सही योजक शब्द चुनकर वाक्य को पूरे कीजिए :** **1x3=3**

और	**इसलिए**	**लेकिन**

क) दादाजी बिस्तर से उठे ____________ मुँह धोकर चिट्ठी लिखने लगे ।

ख) पास में घडी नहीं है ______________ लगता है कि आठ बज गए होंगे ।

ग) मास्को का खाना अच्छा नहीं है ____________ मैं चाहता हूँ कि शान्तिनिकेतन चला जाऊँ ।

10. **वचन बदलिए :** **1x4=4**

क) मछली -

ख) महिला -

ग) नहर -

घ) छड़ी -

11. **दिए गए संज्ञा शब्दों के विशेषण शब्द लिखिए :** **1x3=3**

क) ______________परी

ख) ______________आँखें

ग) _____________बालक

खंड ग

12. **सही उत्तर चुनकर लिखिए :** **1x4=4**

क) चींटी झरने पर __________ के लिए आई ।

i) पानी पीने ii) नहाने iii) खेलने

ख) मरुभूमि में चारों तरफ क्या होता है ?

i) पेड़ ii) पानी iii) रेत

ग) रवीन्द्रनाथ शान्तिनिकेतन से कहीं और क्यों नहीं जाना चाहते थे ?

i) पेड़ों के कारण ii) अपना देश होने के कारण iii) बनमाली के कारण

घ) केरल का प्रमुख नृत्य कौन - सा है ?

i) भरतनाटयम ii) कत्थक iii) कथकली

13. **वाक्यों के सामने सही या गलत लिखिए :** **1x4=4**

क) शिकारी ने तोते की ओर निशाना लगाया ।

ख) राजस्थानी और उसकी पत्नी ने प्यास के कारण दम तोड़ दिया ।

ग) केरल का प्रिय भोजन चावल और मछली है ।

घ) चंद्रभानु एक राजा था ।

14. **1x5=5**

सही शब्दों से वाक्य की पूर्ति कीजिए :

क) कबूतर को _____________ ने बचाया ।

ख) पानी को _____________ कहा गया है ।

ग) दादाजी पत्र लिखते - लिखते बीच में उठकर ___________करने के लिए गए ।

घ) दादाजी शान्तिनिकेतन में अपना समय _________करते हुए बिताना चाहते है ।

ड) चंद्रभानु ने गोपाल से ____________ का कुरता उतरवाने के लिए कहा ।

15. **प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **2x5=10**

क) कबूतर ने चींटी को कैसे बचाया ?

ख) केरल की धरती कैसी है ?

ग) बालक सपने में परियों को क्या करते देखता है ?

घ) राजा ने अपने आपको भाग्यशाली क्यों कहा ?

ड) बालक अपने सपने में क्या - क्या देखता है ?

16. **प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **3x4=12**

क) पत्र लिखना शुरू करने के समय प्राकृतिक वातावरण कैसा था ?

ख) सभा में चंद्रभानु ने क्या शर्त लगाई ?

ग) पानी को अमृत क्यों कहा गया है ?

घ) केरल के लोग हमेशा अपने साथ छाता क्यों रखते है ?

खंड घ

17. **दिए गए मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :** **1x4=4**

क) नीचा दिखाना -

ग) मुँह की खाना -

ख) दम तोड़ना -

घ) पेट में चूहे कूदना -

18. **आपको खेल के मैदान में एक कलाई घडी मिली है । घड़ी के बारे में जानकारी देते हुए एक सूचना लिखिए ।** **5**

*********************** ***********************